system in Delhi. Accordingly, a Soviet Delegation visited India from 11th to 21st February, 1989. It was agreed during the discussion that Government of India will prepare a detailed feasibility report of the East-West Corridor the tentative alignment of which runs from Vivek Vihar in the East to Vikaspur in the West over a distance of around 36 kilometres.

कुछ जिलों में विशेष रोज़गार सुविधायें

1878. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अगले वित्तीय वर्ष के दौरान देश के कतिपय जिलों में विशेष रोज़गार सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कोई योजना सरकार के विचाराधीन है:

(ख) यदि हां, तो इस योजना का ब्यौरा क्या है,

(ग) इस योजना के कार्यान्वित करने के लिए जिलों अथवा क्षेत्रों का पता लगाने के लिए क्या मानदंड अपनाये गये हैं,

(घ) सरकार इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए पहाड़ी, पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों को प्राथमिकता देने का विचार रखती है, और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

श्रम मंत्रालय में उप-मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री राधाकृष्ण मालवीय): (क) से (ङ) वर्ष 1989-90 के लिए केन्द्रीय बजट प्रस्तावों में अन्य बातों के साथ-साथ एक नये गहन ग्रामीण रोज़गार कार्यक्रम की व्यवस्था है जो ऐसे चुने हुए 120 जिलों को अतिरिक्त धनराशि प्रदान करेगा जो पिछड़े हुए हैं तथा जहां अत्यधिक बेरोज़गारी है। इस नये कार्यक्रम के द्वारा ग़रीबी की रेखा से नीचे रहने वाले प्रत्येक परिवार के कम से कम एक सदस्य को रोज़गार के पूर्ण अवसर प्राप्त होंगे। इस योजना की निधियां राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार कार्यक्रम/ग्रामीण भूमिहीन रोज़गार गारंटी कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले जिलों को उपलब्ध व्यवस्था के अतिरिक्त होगी। बजट में इस नये कार्यक्रम के लिए 1989-90 में 500 करोड़ रु० की धनराशि की व्यवस्था है।

कीटनाशियों का प्रयोग

1879. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि.

(क) क्या यह सच है कि देश में फसलों को बीमारियों से बचाने के लिए कीटनाशियों का प्रयोग किया जा रहा है:

(ख) यदि हां, तो तीन वर्ष पहले इन कीटनाशी दवाओं के क्षेत्रों में प्रयोग करने की मात्रा क्या थी और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान इन कीटनाशियों की कितनी मात्रा का प्रयोग किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या सभी कीटनाशी (डी०डी०टी०, बी०एच०सी० और मेलाथिओन) देश में ही उत्पादित किए जाते हैं अथवा उनका आयात किया जाता है, और

(घ) यदि हां, तो इस प्रकार आयात की गई कीटनाशियों की मात्रा कितनी है?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव): (क) सरकार देश में फसलों को रोगों से बचाने के लिए कीटनाशी दवाइयों का आवश्यकता के आधार पर प्रयोग करने को बढ़ावा दे रही है।

(ख) तीन वर्ष पहले (1985-86) 67,260 मीटरी टन कीटनाशी दवाइयां इस्तेमाल की गई थीं और वर्तमान वित्तीय वर्ष (1988-89) के दौरान तकनीकी ग्रेड की सामग्री के रूप में 86,670 मीटरी टन कीटनाशी दवाइयों की खपत होने का अनन्तिम अनुमान है।

(ग) और (घ) डी०डी०टी०, बी०एच०सी० तथा मेलाथिओन का उत्पादन स्वदेश में ही किया जा रहा है।